दिनांक 29 नवंबर 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

स्वयं के द्वारा दिए गए आदेश के पालन का परीक्षण करने दोबारा पूरैना पहुंचे निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी , सफाई व्यवस्था पहले से दिखी बेहतर

भिलाईनगर/ आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी आज प्रातः 6:00 बजे से सफाई एवं शौचालय का औचक निरीक्षण करने के लिए लक्ष्मी मार्केट सुपेला क्षेत्र के वार्ड 5 के राजीव नगर ,कृष्णा नगर तथा गौतम नगर पहुंचे जहां पर उन्होंने गली एवं मोहल्लों का सघन निरीक्षण किया! निरीक्षण के दौरान श्री रघुवंशी ने नाली जाम होने पर नाली सफाई कराने तथा जहां पर नाली नहीं है उन स्थलों पर अलग-अलग हिस्से में विभाजित कर नाली निर्माण तथा संधारण कराने के निर्देश उपस्थित जोन के अधिकारियों को दिए! उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर जमीन मोर मकान के तहत निर्मित किए गए मकान को देखा और हितग्राही कमरुद्दीन खान द्वारा बनाए गए मकान की सराहना की वही गौतम नगर मे मोर जमीन मोर मकान के तहत निर्मित किए जा रहे हैं हितग्राही साधना देवी के निर्माणाधीन मकान का निरीक्षण किए और हितग्राही को कहा कि निर्माणाधीन मकान मे गुणवत्तापूर्ण कार्य करावे ताकि मकान मजबूत एवं टिकाऊ रहे! उन्होंने निरीक्षण के दौरान मोहल्ले के निवासियों से सफाई के बारे में पूछताछ की! नाली पर अतिक्रमण के कारण कई स्थलों पर पानी निकासी सही नहीं होना पाया गया जिसके लिए आसपास के रहवासियों से चर्चा करने पर स्वयं नाली से अतिक्रमण हटाने सहयोग करने की बात कही जिस पर नाली से अतिक्रमण हटाने आयुक्त महोदय ने अधिकारियों को निर्देश दिए इसके साथ ही पंप हाउस को व्यवस्थित करने के लिए निर्देश दिए गए!

जनसम्पर्क अधिकारी